इंदौर | सोमवार | 14 जुलाई 2025 | वर्ष 65 | अंक 160 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social


# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




6 महिला नेतृत्व में नंबर एक पर कृष्णा गौर



5 द्विवेदी की कविता संग्रह का हुआ लोकार्पण



8 ईस्ट बंगाल में लौटे एडमंड, बने नए नंबर 10



7 निर्यात वित्तपोषण के लिए सरकार का बड़ा कदम

# मालगाड़ी के 18 टैंकरों में आग

**12** एक्सप्रेस ट्रेनों को करना पड़ा रद्द | **08** घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पा लिया काबू | **05.30** बजे चेन्नई मालगाड़ी के तीसरे टैंकर में लग गई आग | **15** हजार इंजनों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे देशभर में लगाए जाएंगे

**चेन्नई, 13 जुलाई. तमिलनाडु में चेन्नई बीच-अरक्कोणम रेलखंड पर रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तिरुवल्लूर स्टेशन के पास डीजल से लदी मालगाड़ी के कम से कम 18 टैंकरों में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कई डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे रेलवे ट्रैफिक प्रभावित हुआ और कम से कम 12 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करना पड़ा।**



दक्षिण रेलवे के सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब 5.30 बजे चेन्नई हार्बर से वालाजाह रोड साइडिंग जा रही मालगाड़ी के तीसरे टैंकर में आग लग गई, जो तेजी से 19वें टैंकर तक फैल गई। घटना के बाद इलाके में घना काला धुआं फैल गया, जिसके चलते प्रशासन ने आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने की प्रक्रिया शुरू की।

लोको पायलट ने समय रहते आपातकालीन ब्रेक लगाए, जबकि स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी ताकि आग और न फैले। अग्निशमन दलों ने करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

सौभाग्यवश, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल राहत और बहाली कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक, जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और अग्निशमन टीमें मौके पर मौजूद हैं और कार्य की निगरानी कर रही हैं। ट्रेन यातायात पर व्यापक असर पड़ा है। चेन्नई सेंट्रल से चलने वाली या वहां समाप्त होने वाली 12 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कई अन्य ट्रेनों को मार्ग परिवर्तित या समय से पूर्व समाप्त किया गया है।

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक परिवहन के रूप में मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की बसों की व्यवस्था की है, ताकि रुकी हुई ट्रेनों में फंसे यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाया जा सके।

## ट्रेनों के डिब्बों और इंजनों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

नई दिल्ली, 13 जुलाई. रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए ट्रेनों के सभी डिब्बों और इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया है। यह निर्णय प्रायोगिक सफलताओं के आधार पर लिया गया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस योजना के तहत देशभर में 74,000 यात्री डिब्बों और 15,000 इंजनों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक डिब्बे में चार और प्रत्येक इंजन में छह कैमरे लगाए जाने का प्रावधान है। ये कैमरे उच्च गुणवत्ता वाले होंगे और 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार तथा कम रोशनी में भी स्पष्ट फुटेज रिकॉर्ड करने में सक्षम होंगे। कैमरे डिब्बों के सामान्य आवागमन क्षेत्रों, विशेषकर दरवाजों के पास लगाए जाएंगे, ताकि यात्रियों की निजता बनी रहे और संदिग्ध गतिविधियों की



निगरानी की जा सके। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को इस योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे में कोचों और इंजनों में कैमरे लगाने का सफल परीक्षण हो चुका है। लोकोमोटिव में आगे, पीछे और दोनों ओर कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि इंजन के आसपास की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके।

# सत्ता में आकर लोग अहंकारी हो जाते हैं : नितिन गडकरी

**नागपुर, 13 जुलाई . केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर अपने बेबाक बयान से राजनीतिक हलकों में चर्चा छेड़ दी है। नागपुर में शनिवार को एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता, धन, ज्ञान और सौंदर्य प्राप्त करने के बाद अक्सर लोग अहंकार में डूब जाते हैं।**



गडकरी ने कहा, जब लोग यह मान लेते हैं कि वही सबसे बुद्धिमान हैं, तो उनका आत्मविश्वास धीरे-धीरे प्रभुत्व की भावना में बदल जाता है। लेकिन कोई भी महान तब बनता है जब लोग उसे स्वीकार करते हैं, न कि जब वह खुद को दूसरों पर थोपता है।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, कुछ लोगों को लगता है कि वे साहब बन गए हैं, सबसे बुद्धिमान हैं, इसलिए अब उन्हें किसी की परवाह नहीं करनी चाहिए। यह सोच नेतृत्व को खोखला कर देती है। नेतृत्व की परिभाषा पर बोलते हुए गडकरी ने कहा कि किसी भी संस्था की असली ताकत उसके मानवीय संबंधों में होती है। उन्होंने कहा, आप अपने अधीनस्थों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, यही आपके नेतृत्व की पहचान है। सम्मान कभी भी मांगने से नहीं मिलता, उसे कर्मों से अर्जित करना पड़ता है।

### मोदी रिटायर हों तो गडकरी बनें प्रधानमंत्री : गोपालकृष्णा

**बेंगलुरु, 13 जुलाई.** कर्नाटक के कांग्रेस विधायक बेलूर गोपालकृष्णा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का स्वागत करते हुए कहा है कि यदि 75 वर्ष की उम्र के बाद नेताओं को पद छोड़ना चाहिए, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी ई सिद्धांत का पालन करना चाहिए और उनकी जगह नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री बनाया जाना चाहिए। विधायक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गडकरी देश के गरीबों के प्रति संवेदनशील हैं और प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। उन्हें यह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

## एक नजर में



### राष्ट्रपति मुर्मु दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार से दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर जाएंगी, जहां वे विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगी। राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने रविवार को बताया कि यात्रा के पहले दिन यानी सोमवार को वे भुवनेश्वर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। मंगलवार को राष्ट्रपति कटक स्थित रावेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगी। इसके बाद वे रावेनशॉ गर्ल्स हाई स्कूल के तीन भवनों के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु कटक में आयोजित आदिकवि सरला दास जयंती समारोह में भी भाग लेंगी और इस अवसर पर उन्हें कलिंग रत्न पुरस्कार-2024 भी प्रदान करेंगी.

### छह लाख की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दिल्ली /देहरादून.** उत्तराखंड में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान अवैध चरस की तस्करी के इरादे से आए दो तस्करों को पौड़ी पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से कुल 3 किलो से अधिक चरस बरामद की गई, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त व्यक्तियों की पहचान कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी अभियान के तहत जिले में लगातार चेकिंग और निगरानी की जा रही है।

### ढाका में हिंदू व्यापारी की दिनदहाड़े हत्या

**ढाका.** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक हिंदू कबाड़ व्यापारी लाल चंद सोहाग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है. इस नृशंस घटना के बाद देश भर में आक्रोश फैल है, और एक बार फिर पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं. खासकर मोहम्मद यूनुस सरकार के सत्ता में आने के बाद. घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें सोहाग को कंक्रीट के स्लैब के टुकड़ों से बुरी तरह पीटा गया और उसकी मौत की पुष्टि होने के बाद, हमलावर उसके शव पर नाचते हुए दिखाई दिए. पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो के पास अवैध हथियार थे. सोहाग की हत्या के विरोध में ढाका के कई विश्वविद्यालय परिसरों में छात्रों ने रैलियां निकालीं.

## गुस्ताखी माफ




# डूबने से पति, पत्नी व बेटे की मौत

**सीहोर, 13 जुलाई. रेहटी थाना अंतर्गत ग्राम सुरई के पास रविवार को सोलवी नदी में नहाने आए एक परिवार के तीन लोग डूब गए। डूबने वालों में पति, पत्नी और ढाई साल का बागलक शामिल है। वहीं एक 10 साल का बेटा बाल बाल बच गया।**

दरअसल, ग्राम सुरई की सोलवी नदी में जंगल का पानी आता है, जो कोलार नदी में जाता है। ऐसे में पास के गांव मालीबाया के रहने वाले एक परिवार के चार लोग नहाने पहुंचे। अचानक बढ़े जलस्तर की चपेट में आने से पति-पत्नी और ढाई साल का मासूम बह गए। वहीं 10 साल का एक बेटा बाल बाल बच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रेहटी पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया। फिलहाल तीनों का कोई पता नहीं लग पाया है। डूबने वालों में मालीबाया के रहने वाले 40 साल के अताउर्रहमान, 35 साल की उनकी पत्नी रफत और ढाई साल का बालक ओरम शामिल है।

### कोलार डेम में नहाने उतरे दो युवक डूबे

**सीहोर.** जिले के बिलकिसगज थाना क्षेत्र अन्तर्गअत आने वाले कोलार डेम में नहाने उतरे दो युवकों की डूब जाने से मौत हो गई. दोनों युवक भोपाल में रहकर पढ़ाई करते थे. डूबे युवकों की सर्चिंग करने एसडीआरएफ टीम भी मौके पर मौजूद थे. कोलार डेम पर भोपाल से चार युवक प्रिंस सिंह, उज्जवल त्रिपाठी अपने दो साथियों शैलेन्द्र धाकड़ और सत्यम पटेल के साथ पहुंचे थे. डेम की पाल पर चढ़कर ये चारों युवक लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में पहुंचे और डेम उतरकर नहाने लगे. इस दौरान गहरे पानी में जाने से प्रिंस सिंह और उज्जवल त्रिपाठी डूब गए. उनके दोनों साथियों ने बाहर निकलकर पुलिस को सूचना दी.

# 25 करोड़ की जमीन भूमाफिया से कराई मुक्त

- रिकार्ड में दर्ज करने का कलेक्टर ने आदेश किया पारित
- भूमाफिया पर पन्ना कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई

सुरेश पाण्डेय

**पन्ना, 13 जुलाई. कलेक्टर पन्ना ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए भूमाफिया द्वारा अवैधानिक तरीके से प्राप्त की गयी कलेक्टर कार्यालय से लगी हुई लगभग 25 करोड़ की वेशकीमती जमीन को भूमाफिया से मुक्त कराते हुए शासकीय भूमि घोषित कर शासकीय रिकार्ड में दर्ज करने तथा तत्काल कब्जा हटाने का ऐतिहासिक फैसला पारित किया है.**

कलेक्टर सुरेश कुमार ने मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7ख) के उल्लंघन सहित बगैर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से बायपास रोड पन्ना स्थित सर्वे नंबर 2109/2/1 रकवा 0.576 में दर्ज श्रीकांत दीक्षित, सर्वे नंबर 2109/2/2 रकवा 1.200 में दर्ज न्यास डीबीसी विधि महाविद्यालय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह एवं सर्वे नंबर 2109/2/3 रकवा 0.250 में दर्ज आशा दीक्षित की प्रश्नाधीन भूमि को शासकीय भूमि दर्ज करने का आदेश पारित किया है. इस संबंध में गत दिवस कलेक्टर न्यायालय में अनावेदकगणों को सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया गया था, साथ ही जनसामान्य को भी नियत अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया था. इस दौरान यह भी पाया गया कि तत्समय पटवारी एवं राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों की मिली भगत से खसरे में संशोधन किया गया था.

विश्लेषण से पाया गया कि खसरा वर्ष 1961 में प्रश्नाधीन भूमि सर्वे नंबर 2109/2 रकवा 5.00 एकड़ परमा गोंड़ सा. देह भूमि स्वामी के नाम अनधिकृत रूप से दर्ज हुई है. यदि वर्ष 1961-62 में परमा को भूमि शासन से बंटन में प्राप्त होने का तथ्य माना जाए, तब भी वर्ष 1999 में शासकीय भूमि को जिला कलेक्टर की विक्रय अनुमति के बगैर रामकिशुन को विक्रय किया गया.

> जिला कलेक्टर ने इस स्थिति में भूमि को म.प्र. शासन दर्ज करने के साथ संबंधित के नाम दर्ज भूमि के समस्त नामांतरण एवं अनधिकृत प्रविष्टि को भी निरस्त करने की कार्रवाई की है. साथ ही तहसीलदार पन्ना को अभिलेख में अमल कर खसरा और नक्शा की प्रति प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है. इसके अलावा भूमि पर अनावेदकगण का कब्जा होने की स्थिति में इसे हटाकर कब्जा प्राप्त करने के निर्देश भी दिए हैं.

# पटना में वकील की हत्या

- थाने से महज 300 मीटर दूर चली गोलियां
- बिहार में कानून-व्यवस्था पर उठ रहे हैं सवाल

**पटना, 14 जुलाई . राजधानी पटना में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि थाने के नजदीक भी हत्या करने से नहीं डरते। सुलतानगंज थाना क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े एक वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना स्थल थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।**

मृतक की पहचान वकील जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो चाय की दुकान पर बैठे थे। उसी समय बाइक सवार बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगने के बाद जितेंद्र को गंभीर हालत में पीएमसीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही पटना सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अतुलेश झा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं, वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

# स्वच्छता लीग में इंदौर को कॉल

- महापौर ,आयुक्त सहित 10 सदस्यीय दल 17 को दिल्ली में
- स्वच्छ भारत मिशन में इस बार अहमदाबाद अव्वल

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 13 जुलाई. स्वच्छ भारत मिशन में इस बार अहमदाबाद को प्रथम पुरस्कार मिला है. केंद्र सरकार ने इंदौर को इस बार मिशन के बजाय बड़े शहरों के साथ स्वच्छता सुपर लीग में रखा है. खास बात यह है कि उक्त लीग के पुरस्कार की घोषणा 17 जुलाई को होगी.**

इंदौर को स्वच्छता सुपर लीग में भी कॉल आ गया है. स्वच्छ



भारत मिशन के परिणाम यूं तो 15 जुलाई को घोषित होने वाले है, लेकिन स्वच्छ भारत मिशन के पुरस्कार विजेता की जानकारी मिल चुकी है.

इस बार मिशन में अहमदाबाद स्वच्छता में नंबर वन बन गया है. दूसरे स्थान पर भोपाल और तीसरे स्थान पर लखनऊ के आने की चर्चा चल रही है.

### मध्यप्रदेश ने रचा नया इतिहास : सीएम यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में राज्य के आठ शहरों के नामांकन और इंदौर व उज्जैन की उल्लेखनीय सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक बार फिर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी.

# शुभांशु को अंतरिक्ष में विदाई

## बोले-आज का भारत सारे जहां से अच्छा दिखता है...

**नई दिल्ली, 13 जुलाई. भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर अपने फेयरवेल में कहा कि आज का भारत स्पेस से गर्व से पूर्ण और निडर दिखता है.एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों ने 14 दिन की यात्रा पूरी कर कई वैज्ञानिक शोध किए.**


शुभांशु शुक्ला ने इस अद्भुत यात्रा के लिए नासा, एक्सिओम मिशन, भारत सरकार और देशवासियों का धन्यवाद व्यक्त किया. इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आज का भारत सारे जहां से अच्छा दिखता है. रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर आयोजित फेयरवेल में शुभांशु शुक्ला ने उक्त बातें कही. मालूम हो कि 15 जुलाई को शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से घरवापसी होगी. एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और अंतरिक्ष यात्री आईएसएस गए थे. इन सभी का 14 दिन का यह टूर पूरा हो गया है. इस दौरान इन सभी अंतरिक्ष यात्रियों ने कई तरह के रिसर्च किए.

**रिक्त सीटों को भरा** उज्वल निकम को आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में सरकार की ओर से सशक्त पैरवी के लिए जाना जाता

# निकम, श्रृंगला, सदानंदन और मीनाक्षी रास के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली, 13 जुलाई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली चार प्रमुख हस्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। इनमें प्रख्यात वकील उज्वल देवराव निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, वरिष्ठ शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सी. सदानंदन मास्टर, तथा इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन शामिल हैं।**

गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा गया कि यह मनोनयन भारतीय



उज्जवल निकम हर्षवर्धन श्रृंगला

संविधान के अनुच्छेद 80(1)(क) के तहत किया गया है, ताकि राज्यसभा में मनोनीत सदस्यों की सेवानिवृत्ति से रिक्त हुई सीटों को भरा जा सके।

उज्वल निकम को आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में सरकार की ओर से सशक्त पैरवी के लिए जाना जाता है। हर्षवर्धन श्रृंगला, जो अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं, विदेश मामलों और रणनीतिक कूटनीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान भी अहम जिम्मेदारियों में शामिल रहे। सी. सदानंदन मास्टर को केरल में शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय योगदान के लिए जाना जाता है। उन्होंने वंचित और अनुसूचित वर्गों में शिक्षा और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए काम किया है। डॉ. मीनाक्षी जैन, एक जानी-मानी इतिहासकार और शिक्षाविद् हैं। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास विभाग की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर हैं.

### प्रधानमंत्री मोदी ने विशिष्ट हस्तियों को दी शुभकामनाएं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला, सी. सदानंदन मास्टर और डॉ. मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए नामित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इन चारों हस्तियों को शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर क्रमवार पोस्ट करते हुए इन विशिष्ट जनों के सार्वजनिक जीवन में योगदान का उल्लेख किया और संसद में उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उज्वल निकम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका कानूनी क्षेत्र में समर्पण और संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा प्रेरणादायक है.

### ईवीएम पर सवाल उठाना कांग्रेस की बनी परंपरा : भाजपा

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (वार्ता).** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सरकारी संस्थाओं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर बार-बार सवाल उठाने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि अब जनता के फैसले पर संदेह करना ही कांग्रेस की नई लोकतांत्रिक परंपरा बन गई है। भाजपा ने रविवार शाम अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्टमें लिखा, जनता के फैसले पर सवाल उठाना, सरकारी संस्थाओं और ईवीएम को गलत बताना अब यही कांग्रेस की लोकतांत्रिक परंपरा बन गयी है!